शक्ति-संवाद

on

17th January 2021

MISSION SHAKTI
TILAK HALL
University of Lucknow
Organizes
शक्ति संवाद
TILAK HALL
UNIVERSITY OF LUCKNOW

शक्ति संवाद

TILAK HALL
University of Lucknow
शक्ति संवाद
TILAK HALL
UNIVERSITY OF LUCKNOW
शक्ति संवाद
मिशन शक्ति

शक्ति संवाद

लविवि में महिला सशक्तीकरण अभियान के तहत सुप्रीम कोर्ट की वकील सीमा समृद्धि ने रखे विचार

मात्र शिक्षित होने से महिलाओं को नहीं मिलती सुरक्षा

अमृत विचार, लखनऊ

उत्पीड़न के विरुद्ध छात्राओं के सशक्तीकरण विषयक प्रशिक्षण के सर्वाधिक प्रभावशाली स्थल विद्यालय और विश्वविद्यालय होते हैं, क्योंकि यहां ऐसे प्रशिक्षण को आत्मसात् करने और उन्हें प्रयोग में लाने के लिए अपेक्षित आत्मविश्वास जाग्रत करने के प्रयासों की दृष्टि से सबसे अनुकूल और व्यावहारिक परिस्थितियां हो सकती हैं।

यह विचार निर्भया केस की वकील रहीं उच्चतम न्यायालय की अधिवक्ता सीमा समृद्धि ने व्यक्त किये। वे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के तिलक महिला छात्रावास में आयोजित शक्ति-संवाद में मुख्य अतिथि तथा परिचर्चाकार के रूप में छात्राओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि केवल शिक्षित या उच्चशिक्षित होने मात्र से महिलाओं को वास्तविक सशक्तीकरण और सुरक्षा प्राप्त नहीं हो जाती है। निर्भया फीजियोथेरेपिस्ट थी, हैदराबाद की प्रियंका डाक्टर थी, लेकिन अपराधियों के दुस्साहस के कारण उनके साथ दुर्घटनाएं घटीं। इसलिए केवल सिद्धान्त और लिखापढ़ी के स्तर पर ही नहीं बल्कि व्यावहारिक स्तर पर भी प्रशिक्षित और तैयार रहने की आवश्यकता होती है। मानसिक दृढता और आत्मविश्वास जाग्रत करने के उपाय करने होते हैं। इस लिहाज से मुख्यमन्त्री योगी द्वारा प्रारम्भ की गई मिशन शक्ति की पहल प्रशंसनीय है। शैक्षणिक संस्थाओं के नेतृत्व की भूमिका इस दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यदि दुस्साहस का दमन इसी स्तर पर होता हुआ दिखेगा, तो इससे पूरी पीढी और समाज को संदेश पहुंचेगा।

तिलक महिला छात्रावास में आयोजित शक्ति-संवाद में विचार व्यक्त करतीं सीमा समृद्धि।

सुरक्षा उसी की जिसका पहले से वजूद हो

कार्यक्रम में शामिल तिलक छात्रावास की प्रोवोस्ट डा. भुवनेश्वरी भारद्वाज ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि मिशन शक्ति स्त्री की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन से सम्बन्धित है। सुरक्षा उसी की हो सकती है, जिसका पहले से वजूद हो, व्यवस्था में वही बना रह सकता है, जो एक व्यवस्था के अन्तर्गत हो। व्यवस्था के लिये मर्यादा तथा अनुशासन आवश्यक है, और अनुशासन के लिए इसके उल्लंघन का दुस्साहस करने वालों का दमन। काफी देर तक चले शंका समाधान सत्र में छात्राओं के सवालों के जबाव सीमा समृद्धि के द्वारा दिये गये। छात्रावास की अन्तेवासिनी छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति से सम्बन्धित रंगोली तथा पुष्पसज्जा की गई। सोनाली और संसृता ने कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन किया।